सार-समाचार

बाप नगर पालिका यथावत रखने की मांग

बाप, (निसं)। बाप कस्बा नगर पालिका रखने या ग्राम पंचायत पुन: बनाने को लेकर दो धडो में बंट सा गया है। पिछले कुछ दिनो से बाप को पुन: ग्राम पंचायत बनाने की मांग पुरजोर से की जा रही है। शुक्रवार को सर्व समाज के लोगों ने बाप नगर पालिका यथावत रखने की मांग उठाई है। इसको लेकर यहां मुख्यमंत्री भजन लाल के नाम का ज्ञापन बाप उपखंड अधिकारी को सौंपा। ज्ञापन में लिखा कि बाप की आबादी करीब 20 हजार है। एशिया का सोलर हब होने के कारण सबसे अधिक जीएसटी आय का केंद्र के साथ उपखंड मुख्यालय, तहसीलदार कार्यालय, सीआई थाना, सरकारी महाविद्यालय, मॉडल स्कूल, रेलवे स्टेशन, आईटीआई कॉलेज के साथ ईसबगोल प्रोसेस इकाई, ?म इंडस्ट्रीज, ऑयल मिल, टाइल फैक्ट्री, नमक रिफाइनरी, सोना मुखी प्रोसेस प्लांट सहित 500 से अधिक खुदरा किराना व कपडे का व्यवसाय, 50 कृषि कच्चा माल होलसेल खरीद व्यवसाईयों के साथ उच्च कोटी के होटल, गेस्ट हाउस का केंद्र बाप है। सोलर के कारण 100 से अधिक बहू मंजिला गेस्ट हाउस भी है। ज्ञापन में यह भी लिखा कि कुछ लोग नगरपालिका का विरोध अपने निजी हित के कारण कर रहे है। ज्ञापन में 20 माह पूर्व बनी नगरपालिका को जन भावना का आदर करते कायम रखने की मांग की गई। रामचंद्र धामट, माणकलाल वैद, अमृत छतानी, घनश्याम हरजाल, माहेश्वरी समाज अध्यक्ष अशोक चांडक, एडवोकेट मदन शर्मा, वकील रविकुमार, भूरालाल पालीवाल, दामोदर मेहता, घुडचंद कोठारी, सत्यनारायण भूतडा, चंदूलाल कुमावत, गजेलाल कुमावत, नथमल कुमावत, हेमराज पालीवाल, विजय कुमावत, लीलाधर प्रजापति, अनिल आचार्य, ओमप्रकाश लोहार, रवि माली, कन्हैयालाल सेन, घनश्याम तंवर, ओमप्रकाश दर्जी, अखेराज खत्री सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे।

भीनमाल थाने का टॉप टेन आरोपी पकड़ा

भीनमाल, (निसं)। जिला पुलिस अधीक्षक ज्ञानचंद्र यादव द्वारा अवैध मादक पदार्थों की रोकथाम एवं वांछित अभियुक्तों की धरपकड़ हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत वांछितों को गिरफ्तार करने के निर्देश दिए जाने पर एसपी मोटाराम गोदारा वृत्त अधिकारी अन्नराज राजपुरोहित के निकट सुपरविजन में भीनमाल थाना अधिकारी रामेश्वर भाटी के नेतृत्व में चार प्रकरणों में वांछित मादक पदार्थ सप्लायर्स की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम का गठन कर पुलिस टीम द्वारा कार्रवाई करते हुए प्रकरण संख्या 31/24.01.2024 धारा 8/21, 25 एनडीपीएस एक्ट पुलिस थाना बागरा व अन्य प्रकरणों में गत 2 साल से फरार चल रहे दो हजार रुपए के इनामी अपराधी एवं भीनमाल पुलिस थाने का टॉप 10 अभियुक्त मसरू राम उर्फ राजू देवासी पुत्र केराराम देवासी निवासी वियों का गोलियां पुनासा पुलिस थाना भीनमाल जिला जालौर को सिरोही जिले के रेवदर कस्बे से दस्तयाब कर प्रकरण संख्या 31/2024 पुलिस थाना बागरा में गिरफ्तार किया जाकर मुलजिम से अनुसंधान व पूछताछ जारी है। उक्त अभियुक्त जालौर जिले में प्रकरण संख्या 140/12.08.2023 धारा 8/21, 22, 25, 29 एनडीपीएस एक्ट पुलिस थाना बागरा, प्रकरण संख्या 201/30.10.2023 धारा 8/21, 25 एनडीपीएस एक्ट पुलिस थाना बागरा, प्रकरण संख्या 31/24.01.2024 धारा 8/21, 25 एनडीपीएस एक्ट पुलिस थाना बागरा व प्रकरण संख्या 97/17.05.2024 धारा 8/21, 25 एनडीपीएस एक्ट पुलिस थाना बागरा में गत02 साल से वांछित था। पुलिस कार्रवाई के दौरान टीम में सीआई रामेश्वर भाटी, कांस्टेबल रामलाल, बाबूराम, मदनलाल, श्रवण कुमार व एसपी ऑफिस जालौर से कांस्टेबल किशन शामिल रहे।

मुख्यमंत्री आयुष्मान शिविर जांबा में लगा

बाप, (निसं)। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जांबा में शुक्रवार को आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 340 मरीज लाभांवित हुए। आरसीएचओ फलोदी डॉ. लालचंद व बाप ब्लॉक बीसीएमओ डॉ. पर्वत सिंह भाटी ने शिविर का निरीक्षण किया। बीसीएमओ डॉ. पर्वत सिंह भाटी ने बताया कि आयुष्मान कार्ड वितरण, ई केवाईसी, आधार कार्ड एनसीडी स्क्रीनिंग, नि:शुल्क दवाइयां वितरण और विभिन्न जांच कार्य भी किया गया। शिविर में एलोपैथी चिकित्सक के अलावा यूनानी व आयुर्वेदिक चिकित्सा की सेवाएं भी रही। शिविर में डॉ. दिनेश कुमार, आयुर्वेदिक चिकित्सक भवानी सिंह उदट, यूनानी चिकित्सक डॉ. वजीर, वरिष्ठ नर्सिंग अधिकारी खुशाल सिंह, एसटीएस राकेश सैन, नेत्र सहायक अशोक इनखिया, एलटी पंकज मीणा, दंत सहायक शाहिद इमरान, डीईओ रईस खान, रेडियोग्राफर, सीएचओ एएनएम व आशा का सहयोग रहा।

शीतलहर से छूट रही कंपकंपी

बाप, (निसं)। मौसम में बदलाव आने के साथ ही सर्दी के तैवर भी तीखे हो गए है। कस्बे में शुक्रवार को सुबह से ही शीतलहर चलनी शुरू हो गई थी। दिन में ठंडी हवाएं चलने से लोगों को धूप में भी ठंड से राहत नहीं मिल पा रही है। आलम यह रहा कि दिन में धूप खिली होने के बाद भी सर्द हवा लोगों को कंपकपा रही है। उत्तर भारत की ओर से आ रही शीत लहर ने कस्बे वासियों को अपनी चपेट में ले लिया है। सर्द हवाओं के झोंके और फिजा में घुली ठंड दिन में भी रह-रहकर सिहरन पैदा कर रही है। क?ाके की ठंड के कारण लोगों का जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। घर हो या बाहर लोग दिन भर गर्म कपडे पहने नजर आते हैं। सर्दी से राहत पाने के लिए लोग अलाव जलाकर ताप रहे हैं।

बालश्रम व भिक्षावृति में लिप्त बालक मुक्त

जोधपुर, (कासं) । कमिश्नरेट पुलिस की तरफ इन दिनों उमंग चतुर्थ का अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें बालश्रम और भिक्षावृति में लिप्त बच्चों का मुक्त करवा उन्हें बाल सुधार गृह भिजवाया जा रहा है। इस बारे में पुलिस द्वारा मुकदमें भी दर्ज किए जा रहे है। सदर बाजार थाने के एसआई गोविन्दराम ने हरियाढाणा की हवेली के पास रंगोली फैशन कपड़े की दुकान पर दबिश दी, वहां पर नाबालिग से बालश्रम कराते पाया गया। पुलिस ने दुकानदार नंद किशोर सिंधी के खिलाफ जेजे एक्ट में प्रकरण दर्ज किया है। वहीं इसी प्रकार सरदारपुरा थाने के एसआई दीपलाल ने ओलम्पिक तिराहा के पास अपने नाबालिग बालक- बालिकाओं से भिक्षावृति कराकर बालश्रम करा रहे परिजनों संतोष नट, रूपा देवी नट, सुनिता नट को पकड़ा गया। बाद में उनसे समझाइश की गई। यह लोग कानपुर के रहने वाले है। मामला दर्ज किया गया है।

करूणा केन्द्र के अधिवेशन पर चर्चा की

पाली, (नि.सं.)। शुक्रवार को करूणा इन्टरनेशनल केन्द्र की बैठक कृष्णा विधा मंदिर मे आयोजित की गई जिसमे 28 व 29 दिसंबर 24 को होने वाले तखतगढ (पाली) में होने वाले राष्ट्रीय सम्मेलन की तैयारियो की चर्चा की गई। मीटिंग मे करूणा केन्द्र के अध्यक्ष जय शंकर त्रिवेदी ने बताया कि राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्‌घाटन पंचायत राज्य मंत्री ओटाराम देवासी करेंगे। मुख्य अतिथि सामाजिक न्याय मंत्री अविनाश गहलोत होंगे। महावीर इन्टरनेशनल अपेक्स के अध्यक्ष गेस्ट आफ आनर होंगे। निजी शिक्षण संस्थान के अध्यक्ष प्रदीप दवे ने तखतगढ मे होने वाले दो दिवसीय कार्यक्रम की सम्पूर्ण जानकारी दी। मीटिंग में प्रवीण दाधीच, रमाकांत मिश्रा,हरवंश दवे, गोपीदास रामावत, दलपत सिंह, पीयूष शर्मा आदि मौजूद रहे।

केरल के राज्यपाल आज आएंगे जोधपुर

जोधपुर, (कासं) । केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान 21 दिसंबर को जोधपुर दौरे पर आएंगे। वे दोपहर 2.45 बजे जोधपुर एयरपोर्ट पहुंचेंगे और तीन बजे सर्किट हाउस जाएंगे। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान सांय छह बजे अमृतम पैलेस में आयोजित 55 वें रोटरी इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेंगे। इसके बाद वे सांय 7.30 बजे सर्किट हाउस लौटेंगे। अगले दिन 22 दिसंबर को प्रात: 8.50 बजे जोधपुर एयरपोर्ट से नई दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगे।

पशु चिकित्सा कर्मचारियों ने दिया धरना

जोधपुर, (कासं) । पशु चिकित्सालय में कार्यरत कर्मचारियों ने शुक्रवार को विभिन्न मांगों को लेकर धरना-प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने बताया कि पशुओं को घर घर जाकर इलाज कराने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा मांगों को लेकर पशु चिकित्सालय के बाहर धरना प्रदर्शन किया एवं मांगें पूरी नहीं होने पर उठा आंदोलन करने की चेतावनी दी।

मातृभाषा गौरव पुस्तक का विमोचन

धोरीमन्ना, (कासं)। मातृभाषा गौरव सप्ताह के संदर्भ में विद्या भारती विद्यालय आदर्श विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक धोरीमना में मातृभाषा गौरव पुस्तक का विमोचन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक तेजसिंह चौहान ने मातृभाषा के महत्व विषय के संबंध में उद्बोधन दिया। पुस्तक विमोचन में विद्यालय के आचार्य, छात्र एवं छात्रा उपस्थित रहे।

आरोग्य मंदिर के लिए भूमि देने वाले भामाशाह का सम्मान किया

जालोर, (कासं)। निकटवर्ती लेटा ग्राम पंचायत के धरड़ा पावटी में 40 लाख की अनुमानित लागत से नवनिर्मित आयुष्मान आरोग्य मंदिर उप स्वास्थ्य केन्द्र का लोकार्पण कार्यक्रम महंत गंगानाथ महाराज व ईश्वरनाथ महाराज के सानिध्य के साथ राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग के मुख्य आतिथ्य एवं जालोर प्रधान नारायण सिंह राजपुरोहित की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। जिसमें विशिष्ट अतिथि के रूप में पंचायत समिति सदस्य छगनाराम माली, लेटा सरपंच शान्ति देवी, वार्ड पंच गीता देवी व सीता देवी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने कहा कि धरड़ा पावटी व आस-पास के निवासियों को चिकित्सीय सुविधाएं आयुष्मान आरोग्य मंदिर उप स्वास्थ्य केन्द्र में उपलब्ध होगी। उन्होंने कहा कि चिकित्सा व स्वास्थ्य के क्षेत्र में जालोर जिले के भामाशाहों का सहयोग अतुलनीय है।

इसी कड़ी में आयुष्मान आरोग्य मंदिर के लिए 10 हजार वर्ग फीट भूमि भेंट करने पर बेरा-पिथाजी निवासी भोमाराम पुत्र हरजीजी माली व उनके परिवार का आभार जताते हुए भामाशाह का माल्यार्पण व साफा पहनाकर अभिनंदन किया। मुख्य सचेतक ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा लेटा ग्राम पंचायत में विभिन्न विकास कार्य करवाए गए हैं तथा इस आयुष्मान आरोग्य मंदिर को नजदीकी सड़क से भी जोड़ा जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं

जालोर के पास लेटा ग्राम पंचायत के धरड़ा पावटी में नवनिर्मित आयुष्मान आरोग्य मंदिर उप स्वास्थ्य केन्द्र का लोकार्पण मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने किया। फोटो-राष्ट्रदूत

स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रमाशंकर भारती ने बताया कि भामाशाह द्वारा दी गई इस भूमि पर 40 लाख से अधिक की राशि राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत व्यय की गई है। आयुष्मान आरोग्य मंदिर उप स्वास्थ्य केन्द्र धरड़ा पावटी में 40 प्रकार की दवाईयों की उपलब्धता के साथ ही टीकाकरण व अन्य चिकित्सा सुविधा उपलब्ध रहेगी। उन्होंने ग्रामीणों की मांग पर आरोग्य मंदिर की चार दिवारी के लिए प्रस्ताव भेजने की भी बात कही। विकास अधिकारी प्रदीप मायला ने विभिन्न योजनाओं से ग्रामीणों को अवगत करवाया। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने लोकार्पण पट्टिका का अनावरण किया तथा आयुष्मान आरोग्य मंदिर उप स्वास्थ्य केन्द्र का फीता काटकर शुभारंभ किया तथा आरोग्य मंदिर का अवलोकन भी किया। कार्यक्रम का संचालन अम्बिका प्रसाद तिवारी व ललित सुन्देशा ने किया।

कार्यक्रम के दौरान राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग के समक्ष धरड़ा पावटी के ग्रामीणों द्वारा पानी की आपूर्ति व गुणवत्ता के संबंध में शिकायत करने पर उन्होंने जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के अधिशासी अभियंता जितेन्द्र त्रिवेदी को वस्तुस्थिति से अवगत करवाने के पश्चात् पानी की आपूर्ति एवं गुणवत्ता सही नहीं होने पर फटकार लगाते हुए यथाशीघ्र समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर बीसीएमओ डॉ. भजनलाल विश्नोई, विकास अधिकारी प्रदीप मायला, डॉ. प्रकाश विश्नोई, पंचायत समिति सदस्य मगनाराम चौधरी, प्रेमाराम देवासी, विक्रम सोलंकी, कैलाश, गोपाल, अशोक, ज्योतिबा फूल मंच के प्रदेश सचिव नाथू सोलंकी सहित भामाशाह परिवार के सदस्य व ग्रामीण उपस्थित रहे।

विद्युत पैनल में शार्ट सर्किट के बाद मकान में आग लगी

जोधपुर, (कासं) । जोधपुर शहर के भीतरी क्षेत्र घोड़ों का चौक में आज सुबह एक मकान में शार्ट सर्किट के बाद भीषण आग लग गई। घर का निचला हिस्सा खुला था और ऊपर लॉक हो रखे थे। घर में रखा काफी सामान जलने के साथ फ्रीज का कंप्रशेर भी फट गया। जिससे आग ज्यादा फैल गई। गनीमत रही कि आस पास किसी को नुकसान नहीं पहुंचा। दो घंटें की कड़ी मशक्कत कर आधा दर्जन दमकलों ने आग पर काबू पाया। इसमें किसी प्रकार की जनहानि की सूचना नहीं मिली है।

फायर ऑफिसर जयसिंह ने बताया कि सुबह साढ़े आठ बजे के आस पास सूचना मिली कि घोड़ों का चौक हरिजन बस्ती रोड पर एक मकान में आग लगी है। इस पर नागौरी गेट से दमकल को रवाना किया गया। ,

आग की तीव्रता ज्यादा होने पर एक और गाड़ी भेजी गई। बाद में बासनी और शास्त्रीनगर से भी दो- दो दमकलों को बुलाया गया।

फायर ऑफिसर जयसिंह के अनुसार मकान किसी श्रवण नाम के शख्स का था जोकि मौके पर मिला। वह घर के नीचे ही मिला। घर के ऊपर वालों कमरों में लॉक तोडक़र प्रवेश किया गया। एक कमरें रखे फ्रीज का कंप्रेशर भी फट गया। हालांकि इसमें कोई जनहानि नहीं हुई है। काफी सारा घरेलु सामान जलकर नष्ट हो गया।

इधर आगजनी की जानकारी पर सदर बाजार पुलिस भी मौके पर पहुंची। यहां सडक़ पर सुबह से ही चहल कदमी रहती है। गनीमत रहीं कि कोई आग की चपेट में नहीं आया। आग लगने का प्रथम दृष्टया कारण विद्युत पैनल में शार्ट सकट होना प्रतीत हुआ है। आग मकान की इमारत को भी नुकसान पहुंचा है। दो घंटे में आग पर पूर्णतया काबू पाया जा सका।

ट्रक की टक्कर से महिला की मौत

जोधपुर, (कासं) । मदेरणा कॉलोनी स्थित नगर निगम कार्यालय के नजदीक ट्रक 409 की साइड से लगी टक्कर में एक महिला की दर्दनाक मौत हो गई। बुरी तरह घायल हुई महिला को एमडीएम अस्पताल लाया गया। कुछ देर बाद में उसकी मौत हो गई। उसके पुत्र की तरफ से ट्रक चालक के खिलाफ रिपोर्ट दी गई है।

एएसआई जीवनराम ने बताया कि मूलत: भोपालगढ हाल कालका माता का मंदिर के पास मदेरणा कॉलोनी की 42 वर्षीय संगीता देवी पत्नी स्व. दिनेश चौहान अपने भाई राधेश्याम के साथ रहती थी। वह गुरूवार की दोपहर में मदेरणा कॉलोनी नगर निगम कार्यालय के पास से पैदल निकल रही थी।

जोधपुर रेल मंडल ने कबाड़ बेचकर कमाई की

जोधपुर, (कासं) । उत्तर पश्चिम रेलवे के जोधपुर मंडल रेल प्रबंधक पंकज कुमार सिंह के दिशा निर्देशन से मंडल ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में अनुपयोगी तथा व्यर्थ पड़े कबाड़ स्क्रैप को बेचकर 19.27 करोड रुपए का राजस्व प्राप्त किया है।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य विकास खेड़ा ने बताया कि उत्तर पश्चिम रेलवे जोधपुर रेल मंडल द्वारा रेल परिसरों में अनुपयोगी तथा व्यर्थ पड़े कबाड़ (स्क्रैप) के निस्तारण करने के लिए अनेक कार्य किए जा रहे हैं जिससे इनके हटने से सुरक्षा में वृद्धि होने के साथ परिसरों में स्वच्छता को भी सुनिश्चित किया जा सके। कबाड़ निस्तारण के लिए भंडार विभाग मिशन जीरो स्क्रैप अभियान के तहत रेलवे स्टेशनों, रेलखंड, डिपो, वर्कशॉप, शेड तथा रेलवे परिसर को कबाड़ मुक्त करने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि भंडार विभाग द्वारा स्टेशनों, रेल परिसर फील्ड यूनिट्स से पुराने कबाड़ को हटाने तथा बेचने के लिए अभियान के तहत कार्य किया जा रहा है।

कबाड़ बेचने से मंडल को 19.27 करोड़ रुपए आय

डीआरएम ने बताया कि भंडार विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 में जोधपुर रेल मंडल से 5087.308 मीट्रिक टन कबाड़ स्क्रैप का निस्तारण किया गया । जिससे मंडल को 19.27 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ। रेलवे द्वारा स्क्रैप में अनुपयोगी रेल, रेल पथ सामग्री, अनुपयोगी वैगन, कोच और लोहे के स्क्रैप सम्मिलित है। रेलवे द्वारा आईआरपीएस पोर्टल की नीलामी के माध्यम से स्क्रैप की बिक्री होने से होने वाली आय का उपयोग बुनियादी ढांचे के विकास में किया जाता है। रेलवे के इन प्रयासों से जहां रेलवे परिसर की स्वच्छता में वृद्धि हुई है वहीं दूसरी और रेलवे की सुरक्षा में भी वृद्धि हुई है।

कार्यकारी समिति ने जे.डी.ए. की भूमि योजनाओं व कार्यों पर चर्चा की

जोधपुर, (कासं)। आयुक्त जोधपुर विकास प्राधिकरण एवं अध्यक्ष कार्यकारी समिति उत्साह चौधरी की अध्यक्षता में शुक्रवार को जेडीए कार्यकारी समिति की बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक में जेडीए सचिव भागीरथ विश्नोई सहित कलेक्ट्रेट, पुलिस, यातायात पुलिस, पर्यटन, रीको, आरएसआरटीसी, पीएचईडी, पीडब्ल्यूडी, नगर निगम उत्तर-दक्षिण, डिस्कॉम एवं जेडीए के उच्च अधिकारी मौजूद रहे।

बैठक में सर्वप्रथम गत बैठक के निर्णयों की पुष्टि की गई। तत्पश्चात् बैठक में प्राधिकरण द्वारा राजस्व ग्राम चैखा के ख.सं. 28, 38, 39, 41, 42, 43, 44, 45, 61 में अनुमोदित योजना की सैद्धान्तिक स्वीकृति के प्रस्ताव, ग्राम केरू के ख.सं. 812 में औद्योगिक योजना विकसित एवं लॉन्च करने की एवं राजस्व ग्राम उजलिया के खसरा सं. 33, 51 व 52 में प्रस्तावित उजलिया फार्म हाउस स्कीम के प्रस्ताव पर विस्तार से चर्चा करते हुए नवीन योजनाओं को लॉन्च करने के लिए आवश्यक निर्णय लिए गए।

बैठक में भवन निर्माण अनुमोदन समिति (ले-आउट प्लान) की गत बैठक में औद्योगिक भूखण्डों के सैटबेक बाबत् लिये गये सामान्य एवं नीतिगत निर्णय के संबंध में पुनर्विचार के प्रस्ताव पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में जोधपुर मास्टर डवलपमेंट प्लान में प्रस्तावित औद्योगिक क्षेत्र के अनुरूप ही ग्रामीण क्षेत्र की डीसीआर में अनुज्ञेय औद्योगिक प्रयोजनार्थ प्रकरणों में भवन

आयुक्त जोधपुर विकास प्राधिकरण एवं अध्यक्ष कार्यकारी समिति उत्साह चौधरी की अध्यक्षता में जे.डी.ए. कार्यकारी समिति की बैठक हुई।

विनियम-2020 में उल्लेखित रीको ने निर्धारित सेटबेक का अंकन करते हुए कार्यवाही किये जाने एवं जोधपुर मास्टर डवलपमेंट प्लान में शेष अन्य प्रस्तावित भू-उपयोगों यथा वाणिज्यिक, मिश्रित इत्यादि में अनुज्ञेय औद्योगिक प्रयोजनार्थ प्रकरणों हेतु अग्नि सुरक्षा व पर्यावरण सुरक्षा की दृष्टि से चारों तरफ न्यूनतम 9-9 मीटर सैटबेक का प्रावधान किए जाने के प्रस्ताव पर चर्चा की गई।

इसी प्रकार कार्यकारी समिति की बैठक में जेडीए मास्टर डवलपमेंट प्लान एवं जोनल डवलपमेंट प्लान की सेक्टर सड़कों का डिमार्केशन एवं आवश्यकतानुसार नवीन सडकों का निर्माण किए जाने के प्रस्ताव पर भी चर्चा की गई।

जेडीए द्वारा इस के लिए मास्टर डवलपमेंट प्लान एवं जोनल डवलपमेंट प्लान में प्रस्तावित सडकों को मौके पर डिमार्केशन कर चिन्हितकरण से आमजन को मुख्य सडकों की जानकारी हो सकेगी साथ ही प्रस्तावित मार्गाधिकार में अवैध कॉलोनियाँ एवं अवैध निर्माण नहीं हो सकेगा। जेडीए क्षेत्र में विभिन्न प्रस्तावित सड़कों के निर्माण से जोधपुर शहर के विभिन्न क्षेत्रों में नवीन ग्रोथ सेन्टर्स विकसित होंगे।

आस-पास के क्षेत्र के समग्र विकास के साथ-साथ शहर के सुनियोजित विकास को भी बढावा मिलेगा। बैठक में नहर रोड सर्कल पाल रोड जोधपुर पर प्रस्तावित फ्लाईओवर के कार्य की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति के प्रस्ताव, आमजन के विभिन्न प्रकरणों सहित 39 प्रस्तावों पर चर्चा करते हुए आवश्यक निर्णय लिए गए।

सार-समाचार

वार्षिक खेलकूद उत्सव मनाया

जोधपुर, (कासं)। पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 2 वायु सेना, जोधपुर में वार्षिक खेलकूद उत्सव का धूमधाम से आयोजन किया गया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विद्यालय प्राचार्य गजेन्द्र जोशी थे।सर्वप्रथम विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक अजय जैन द्वारा विद्यालय प्राचार्य जोशी को हरित पौधा देकर हरित स्वागत किया गया। मुख्याध्यापिक सुमन सोरल द्वारा विद्यालय की तरफ से सभी का स्वागत किया गया। तत्पश्चात विद्यालय के सभी सदन के विद्यार्थियों ने मार्च पास्ट करते हुए मंच से मुख्य अतिथि को सलामी दी । मशाल प्रज्ज्वलन के बाद विद्यालय की गर्ल्स कैप्टन सुप्रिया ने सभी को खेल भावना की प्रतिज्ञा दिलवाई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्राचार्य गजेन्द्र जोशी ने खेल उत्सव के शुभारंभ की विधिवत घोषणा की तत्पश्चात सदन अनुसार विभिन्न प्रकार के खेलों का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के सभी बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। इस दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें 100 व 200 मीटर दौड़, वॉलीबॉल (छात्र एवं छात्रा वर्ग),रस्सा कस्सी,प्राथमिक वर्ग से नींबू रेस आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। 200 मी. बॉयज रेस में प्रमोद, सूरज, ऋषभ ने क्रमश: स्वर्ण,रजत और कांस्य पदक प्राप्त किया है, इसी तरह से 100 मीटर गर्ल्स रेस में विनीता ने स्वर्ण अंशु ने रजत तथा सुप्रिया सुमन ने कांस्य पदक प्राप्त किया। प्राथमिक वर्ग से लेमन रेस में निर्मला कक्षा पांचवी ब से स्वर्ण, सानवी पांचवी स ने रजत तथा भक्ति सुथार पांचवी स ने कांस्य पदक प्राप्त किया। लंगड़ी टांग में हिमांशु बेनीवाल कक्षा दूसरी अ ने स्वर्ण,आयुष कक्षा दूसरी ब ने रजत तथा प्रांजल कक्षा दूसरी अ ने कांस्य पदक प्राप्त किया। कार्यक्रम के समापन पर मुख्य अतिथि ने सभी विजेताओं को पदक देकर सम्मानित किया और सभी को आशीर्वाद प्रदान किया। कार्यक्रम के समापन पर अजय जैन ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

सुशासन सप्ताह के तहत शिविर लगा

जालोर, (कासं)। सुशासन सप्ताह के तहत 19 से 24 दिसम्बर तक चलाए जा रहे प्रशासन गांवों की ओर अभियान के दौरान जिले के सभी पंचायत समिति मुख्यालयों पर शिविर का आयोजन किया जा रहा हैं। जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने बताया कि जालोर जिले में जालोर, आहोर, भीनमाल, सायला व जसवंतपुरा पंचायत समिति सभागार में 24 दिसम्बर तक प्रात: 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक शिविर में जन शिकायतों के निस्तारण के साथ विभिन्न विभागों द्वारा दी जा रही सेवाओं की तत्काल प्रदायगी सुनिश्चित की जा रही हैं। इसी प्रकार सुशासन के लिए किए गए नवाचारों एवं प्रयासों की जानकारी आमजन के साथ साझा करने के लिए जिला स्तर पर 23 दिसम्बर को कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। सुशासन सप्ताह के तहत पंचायत समिति जसवंतपुरा में आयोजित शिविर में शिविर प्रभारी जसवंतपुरा उपखण्ड अधिकारी रामलाल मीणा के समक्ष चेकला निवासी परिवादी पनेसिंह पुत्र शेरसिंह ने प्रस्तुत होकर अपनी परिवेदना बताते हुए कहा कि पिछले काफी समय से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत उसे किश्त नहीं मिल रही है। इस संबंध में तहसीलदार कार्यालय के भी चक्कर लगाए किन्तु कोई समाधान नहीं हो पाया। परिवादी की परिवेदना सुनकर जसवंतपुरा उपखण्ड अधिकारी ने आवश्यक कार्यवाही करते हुए राजस्व विभाग के ब्लॉक प्रभारी तहसीलदार जसवंतपुरा को पीएम किसान सम्मान निधि योजना की किश्त दिलवाने के निर्देश दिए जिस पर तहसीलदार ने आवश्यक कार्यवाही कर मौके पर ही प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की किश्त प्रारंभ करवाकर प्रार्थी पनेसिंह की समस्या का समाधान किया। परिवादी पनेसिंह ने खुशी जताते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, जसवंतपुरा उपखण्ड अधिकारी व तहसीलदार का आभार जताया।

यादव ने वीराणा में रात्रि चौपाल की

जालोर, (कासं)। अतिरिक्त संभागीय आयुक्त हरफूल यादव ने गुरूवार को सायला उपखण्ड की वीराणा ग्राम पंचायत में रात्रि चौपाल कर उपस्थित ग्रामवासियों की समस्याओं को सुनकर उनका समाधान किया। रात्रि चौपाल के दौरान अतिरिक्त संभागीय आयुक्त हरफूल यादव ने ग्रामीणों द्वारा विद्युत, पानी, सड़क, ग्राम की नालियों व वार्डों में सफाई करवाने सहित प्रस्तुत किए गए विभिन्न परिवादों की सुनवाई करते हुए उनका निस्तारण किया गया। उन्होंने किसानों द्वारा विद्युत वॉल्टेज कम आने की समस्या से अवगत करवाने पर विद्युत विभाग के अधिकारियों समस्या समाधान के निर्देशित किया। रात्रि चौपाल के दौरान अतिरिक्त संभागीय अयुक्त ने विभिन्न प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण किया तथा शेष प्रकरणों के निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को पाबंद किया। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना व पीएम कुसुम योजना के बारे में जानकारी देते हुए ग्रामीणों से इसका लाभ लेने की बात कही। इस अवसर पर जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे, सायला उपखण्ड अधिकारी सूरजभान विश्नोई, सायला तहसीलदार लक्ष्मी चौधरी विकास अधिकारी गौरव विश्नोई सहित स्थानीय जन प्रतिनिधि, ब्लॉक स्तरीय अधिकारी-कार्मिक एवं बड़ी संख्या ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

कांग्रेसियों ने अमित शाह का पुतला फूंका

जालोर, (कासं)। जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से शुक्रवार को भारत के गृहमंत्री अमित शाह का पुतला जलाकर केंद्र सरकार के विरोध में विरोध प्रदर्शन कार्यक्रम जिलाध्यक्ष भवरलाल मेघवाल के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट जालोर के सामने किया गया। जिला प्रवक्ता योगेंद्र सिंह कुम्पावत ने बताया कि भारत रत्न बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जी का अपमान करने के बाद भाजपा उस घृणित घटना पर शर्मिंदा होने की जगह कांग्रेस सांसदों को संसद में प्रवेश से रोकने के लिए धक्का मुक्की करने और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ केस दर्ज करवाने के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी जालोर के कांग्रेसजनों ने आज देश के गृह मंत्री अमित शाह का पुतला जलाकर विरोध प्रदर्शन किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष भवरलाल मेघवाल, आहोर कांग्रेस प्रत्याशी सरोज चौधरी, जिला प्रवक्ता योगेंद्र सिंह कुम्पावत, जिला उपाध्यक्ष जुल्फिकार अली,कैलाश शर्मा,ब्लॉक अध्यक्ष भोमाराम मेघवाल, ममता जेन,रमेश सोलंकी,बसंत सुथार,युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष दीपक थांवला, खीमाराम चौधरी, सोनाराम मेघवाल,सुरेश मेघवाल, इंदु परिहार, शीला चौधरी,अनिल पंडत, सुष्मिता गर्ग,खसराम मेघवाल, महेंद्र सोनगरा,कृष्ण कुमार वनिका, कपूराराम परिहार,जोगाराम सरगरा, गीताश्री, सुरेश थांवला, पुखराज माली,इरफान खान, केसाराम मेघवाल, ओमप्रकाश चौधरी सहित कांग्रेसजन उपस्थित थे।

विद्यार्थियों को स्वेटर व जूते बांटे

जालोर, (कासं)। मारवाडी युवा मंच हीरादे शाखा की ओर से सर्दी के मद्देनजर स्कूली विद्यार्थियों को स्वेटर व जूते वितरित किए गए। मारवाडी युवा मंच हीरादे शाखा की ओर से राजकीय प्राथमिक विद्यालय मोहनजी प्याऊ व राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय लक्ष्मणवाडी लेटा जालोर में विद्यार्थियों को स्वेटर व जूते वितरित किए गए। साथ ही स्कूल में बच्चों के लिए 1 पानी का टैंकर डलवाया गया। साथ ही मारवाडी युवा मंच हीरादे शाखा की प्रेरणा से सुखराम चौधरी, श्रीराम ग्रेनाइट द्वारा दोनों स्कूलों के बच्चों को स्कूली जूते व मोजे वितरित किए गए। अंत में स्कूल के प्रधानाचार्य ने शाखा द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की। कार्यक्रम संरक्षक निधि बिहानी ने बताया कि जालोर शाखा अध्यक्ष सुलोचना चौधरी, सचिव प्रियंका चौधरी, उपाध्यक्ष मीनाक्षी कोठारी, नीता जैन, आशा जैन, सोनल महेश्वरी, कोषाध्यक्ष अंकिता महेश्वरी, सहसचिव निधि खिवेसरा, मोनिका भंडारी, अनु बजाज, सदस्य पीनु मेहता, निशा सैनी, शारदा चौधरी, राखी ओझा, शिखा भूतडा, लता जैन व चांदनी लाहोटी सहित क्लब सदस्य मौजूद रहे।

सवाई पद्मनाभ सिंह मेहरानगढ़ पहुंचे

जोधपुर, (कासं) । जयपुर के अंतरराष्ट्रीय पोलो खिलाड़ी सवाई पदमनाभ सिंह ने शुक्रवार को मेहरानगढ़ दुर्ग का अवलोकन किया गाइड डॉ शक्ति सिंह खाखड़की ने बताया कि पदमनाभ सिंह राजस्थान की उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी के पुत्र हैं। विदेश में शिक्षित होने के बावजूद वह बहुत ही जमीन से जुड़े हुए और धरातल का नॉलेज रखने वाले शख्स हैं। अवलोकन के दौरान उनको जयपुर के महाराजा रामसिंह के जोधपुर में हुए विवाह का मजेदार किस्सा जब सुनाया तो वो ठहाके लगाकर हंसे। पदनाम सिंह ने इस अवसर पर कहा कि पूर्व महाराजा गजसिंह की दूरगामी सोच है, जिसकी वजह से आज मेहरानगढ़ दुर्ग देश- दुनिया में विख्यात है और हिंदुस्तान के सभी दुर्ग में सबसे बेस्ट रखरखाव वाला दुर्ग है, जिसकी बदौलत इसको यूनेस्को से सम्मान मिला है।

सड़क सुरक्षा समिति की बैठक 24 को

जालोर (कासं)। जालोर-सिरोही सांसद लुम्बाराम चौधरी की अध्यक्षता में 24 दिसम्बर को दोपहर 3 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में संसद सदस्य सड़क सुरक्षा समिर्ति की बैठक का आयोजन किया जायेगा। यह जानकारी जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने दी।